सांसद मंजू शर्मा और विधायक कालीचरण सराफ ने वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

**जयपुर ।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव रविवार से शुरू हो गया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा और विधायक कालीचरण सराफ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल के अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में छह दिन) का गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर अस्थायी रूप से ठहराव दिया गया है। निर्धारित समयानुसार गाड़ी संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 09:34 बजे गांधीनगर जयपुर पहुंचेगी और 09:36 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस शाम 18:37 बजे आगमन और 18:39 बजे प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. जगदीश कुमार, रेलवे अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# चालान काटने पर परिवहन अधिकारी से हाथापाई

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक निजी ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक को परिवहन विभाग की कार्रवाई इतनी नागवार गुजरी की उसने हाईवे पर बस लगाकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया और आरटीओ इंस्पेक्टर से हाथापाई कर दी। ट्रेवल्स एजेंसी संचालक ने अपना पॉलिटिकल पावर का हवाला देते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी को सस्पेंड करवाने की धमकी दी। जिसके बाद आरटीओ इंस्पेक्टर ने थाने पहुंच ट्रेवल्स एजेंसी संचालक के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि आरटीओ जयपुर-फर्स्ट देवेन्द्र सिंह (37) ने मामला दर्ज कराया है कि 27 मार्च की रात उडन दस्ते पर जवानों के साथ वह ड्यूटी पर तैनात थे। रात करीब 10 बजे ट्रांसपोर्ट नगर के रोटरी सर्किल पर उड़नदस्ते की ओर से वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। जयपुर से ऋषिकेश जा रही रिंकू ट्रेवल्स की सवारियों से भरी बस को चैकिंग के लिए रोका गया। बस रोकते ही उड़नदस्ते पर तैनात स्टाफ से ड्राइवर अरुण सिंह और उसके साथी दिनेश ने गाली-गलौज कर बदसलूकी की। दोनों आरोपियों की ओर से धमकाकर चालान कार्रवाई करने से रोका।

# जयपुर एयरपोर्ट पर ‘उडान यात्री कैफे’ शुरू

- यात्रियों को मात्र 10 रुपए में मिलेगा रिफ्रेशमेंट

**जयपुर ।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए ‘उडान यात्री कैफे’ की शुरुआत की गई है, जहां मात्र 10 रुपये में रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को इसका वर्चुअल उद्घाटन किया।

एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के प्री-चेक-इन प्रस्थान क्षेत्र में शुरू किए गए इस कैफे में यात्रियों को पानी, चाय, कॉफी, स्नैक्स सहित अन्य खाद्य पदार्थ किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य हवाई यात्रा को आम और मध्यम वर्ग के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाना है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ‘उडान यात्री कैफे’ सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिसके तहत हवाई यात्रा को आसान और सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किफायती दरों पर आवश्यक खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराकर यह पहल यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करेगी। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार यह पहल ‘उडान’ योजना को मजबूती देने के साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे एयरपोर्ट सेवाएं अधिक समावेशी बनेंगी।

उद्घाटन के दौरान मुख्य हवाई अड्डा सुरक्षा अधिकारी नवीन भगत, इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी सैरेम सरत कुमार, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट देवराज और मुख्य हवाई अड्डा अधिकारी अनिमेष भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट राज्य का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

वित्त वर्ष 2024-25 में यहां 60 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जबकि प्रतिदिन करीब 120 उडानों का संचालन होता है।

# शातिर नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** विद्याधर नगर पुलिस ने एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा किया है। पकड़ा गया आरोपी इतना शातिर है कि उस पर जयपुर के अलग-अलग थानों में नकबजनी और चोरी के करीब दो दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह अपने महंगे शौक और मौज-मस्ती के लिए सूने मकानों को निशाना बनाता था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने एक शातिर नकबजन निखिल तलवार (48) निवासी बगरू हाल खानाबदोश जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ मालवीय नगर, शिप्रापथ, महेश नगर, वैशाली नगर, सांगानेर, ज्योति नगर और चित्रकूट सहित कई थानों में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह कई मामलों में वांछित भी चल रहा था।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह केवल अपनी सुख-सुविधाओं और शौक को पूरा करने के लिए चोरी करता था। पुलिस अब आरोपी से अन्य वारदातों और चोरी के माल की बरामदगी के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# उर्वरकों के संतुलित उपयोग व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा



कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने पंत कृषि भवन में राज्य स्तरीय बैठक ली।

**जयपुर ।** खरीफ-2026 के दौरान उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने पंत कृषि भवन में हाईब्रिड मोड में राज्य स्तरीय बैठक ली।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसमें यूरिया 3.76 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 83 हजार मीट्रिक टन, एनपीके 66 हजार मीट्रिक टन एवं एसएसपी 1.97 लाख मीट्रिक टन शामिल हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। केन्द्र आगामी खरीफ के लिए राज्य को 11 लाख मीट्रिक टन यूरिया , 5.10 लाख मीट्रिक टन डीएपी , 4 लाख मीट्रिक टन एसएसपी एवं 1.50 लाख मीट्रिक टन एनपीके आपूर्ति करेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश का संतुलित अनुपात में उपयोग करने के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाए। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के विकल्प जैसे हरी खाद, कंपोस्ट, देसी खाद, जैविक उर्वरक, फसल चक्र में दलहनी फसलों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक व जैविक खेती की विधियों पर जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है, जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल, निदेशक हिरेंद्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) हुशियार सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) एस.एस.शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल, अतिरिक्त निदेशक कृषि (अनुसंधान) अजय कुमार पचौरी सहित सभी आईसीएआर संस्थानों के प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रभारी, कृषि विश्वविद्यालयों के प्रसार शिक्षा निदेशक, खण्डीय अतिरिक्त निदेशक कृषि, संयुक्त निदेशक कृषि एवं जिला परिषदों के प्रतिनिधियों ने वी सी के माध्यम से भाग लिया।




# अजमेर : श्रद्धालुओं की ईको वैन खाई में पलटी, एक की मौत, पांच घायल

## मांगलियावास के तबीजी हाइवे पर राधा स्वामी सत्संग स्थल के निकट हुआ हादसा

**अजमेर/मांगलियावास, (निसं)।** तबीजी हाइवे पर राधा स्वामी सत्संग स्थल के निकट रविवार शाम एक सड़क हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 5.30 बजे अजमेर से ब्यावर की ओर जा रही एक ईको वैन तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर सर्विस रोड निर्माण के लिए खोदी गई खाई में जा गिरी। खाई में गिरने के बाद वैन पास के गहरे गड्ढे से टकरा गई, जिससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय वैन में सवार श्रद्धालु परिवार गुजरात से खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस लौट रहा था। दुर्घटना में सोहनलाल, दिग्विजय, प्रिंस, पारस, चालक सन्नी, गंगा और मेघा घायल हो गए। तीन बच्चों को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल अजमेर के जवाहरलाल नेहरू



हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

- घायलों में से दो की हालत गंभीर, अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया
- ईको वैन तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर सर्विस रोड निर्माण के लिए खोदी गई खाई में जा गिरी

अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान सोहनलाल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आरपीएस डॉ. दीपेंद्र सैनी, एएसआई गोपाराम बिश्नोई सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हाइवे पेट्रोलिंग, 108 एंबुलेंस और एनएचएआई की टीम ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वैन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

ग्रामीणों ने हादसे के लिए हाइवे प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि सर्विस रोड और पुलिया निर्माण कार्य पिछले एक महीने से चल रहा है, लेकिन सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। निर्माण स्थल पर न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही बैरिकेडिंग की गई है। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थान पर पहले भी एक दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# खेत से लौट रहे पिता-पुत्र पर लैपर्ड ने हमला किया

## ग्रामीणों के मौके पर पहुंचकर शोर मचाने से लैपर्ड भाग गया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के गिर्वा ब्लॉक के खजूरी गांव में शनिवार शाम को खेत के पास से बकरियां लेकर घर लौट रहे पिता-पुत्र पर लैपर्ड ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर लैपर्ड भाग गया।घायल पिता-पुत्र को टीडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है।

- बकरियां चराकर लौट रहे थे, तभी झाड़ियों छिपे लैपर्ड ने हमला कर दिया

जानकारी के अनुसार दोनों पिता-पुत्र खेत के पास से बकरियां लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नाले के पास झाड़ियों में छिपे लैपर्ड ने पीछे से सवजी (58) पर हमला कर दिया। पीछे आ रहे बेटे कमलेश (20) के चिल्लाने पर लैपर्ड उस पर भी लपका और हमला कर दिया। इस बीच पिता-पुत्र ने अपनी जान बचाने के लिए जोर-जोर से शोर मचाया तो वहां खेतों और पास के मकानों में रहने वाले लोग भागकर आए। उन्होंने लैपर्ड को देखा तो उन्होंने भी शोर मचाया। लोगों को देखकर लैपर्ड दोनों को लहूलुहान स्थिति में वहीं छोड़कर झाड़ियों में होते हुए जंगल की तरफ भाग गया।

लैपर्ड के जाने के बाद ग्रामीण दूर से भाग कर दोनों घायलों के पास पहुंचे और वहां से दोनों को गांव के अंदर से सड़क पर लेकर आए और इस बीच एंबुलेंस को बुला लिया गया। लैपर्ड के हमले से पिता के हाथ और सीने में तो बेटे के हाथ पर चोटें आई। हाइवे से दोनों को टीडी के 108 एंबुलेंस का नर्सिंग स्टाफ प्रकाश सालवी और कांतिलाल रोत टीडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उदयपुर रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहली बार लैपर्ड के हमले की घटना हुई और पिता और पुत्र की हालत देखकर गांव वालों में दहशत का माहौल है।

# गेंहू से भरा ट्रेलर पलटा, चालक घायल



दौसा पुलिया के घुमाव पर ट्रेलर संतुलन खोकर पलट गया, जिससे गेहूं की बोरिया सड़क पर फ़ैल गई।

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना इलाके के दौसा पुलिया के घुमाव पर गेहूं से भरा एक ट्रेलर अचानक संतुलन खोकर पलट गया। जिससे ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।

- मनोहरपुर थाना इलाके के दौसा पुलिया के घुमाव पर हुआ हादसा

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गुजरात नंबर एक ट्रेलर एमपी से गेहूं भरकर कोटपुतली की तरफ जा रहा था। इस दौरान दौसा पुलिया के घुमाव पर अचानक संतुलन खोकर पलट गया। जिससे गेहूं की बोरिया सड़क पर फ़ैल गई। ट्रेलर का चालक धोलूराम पुत्र श्योपाल उम्र 30 साल गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पाकर थाना पुलिस के एएसआई जयराम यादव मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घायल चालक को इलाज के लिए राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। उसका उपचार किया का रहा है।

# उदयपुर के गोगुंदा में आबादी के पास 30 बीघा जंगल में भीषण आग लगी

## रात के समय तेज हवा के चलने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के गोगुंदा थाना क्षेत्र के काछबा गांव स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर के सामने वाली पहाड़ी पर शनिवार रात को भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

रात के समय तेज हवा के चलने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 30 बीघा जंगल को अपनी चपेट में ले लिया। पहाड़ी पर सूखी घास थी, जिससे आग तेजी से आगे बढ़ रही थी। आग की लपटें तेजी से फैलने के कारण आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। पहाड़ी से इलाके में आबादी का रहवास होने से वहां रहने वाले लोग दशहत में हो गए।

- पहाड़ी पर सूखी घास थी, जिससे आग तेजी से आगे बढ़ गई, आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया

इस बीच ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का काम शुरू किया। सरपंच प्रतिनिधि अंबालाल की सूचना पर उदयपुर से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, जहां दमकलकर्मी ने आग पर काबू पाने के लिए पानी की बोछारें डाली, लेकिन पहाड़ी इलाका होने से आग तक पाइप नहीं पहुंच सके। बाद में पुलिस और गोगुंदा वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

देर रात आग पर कंट्रोल हुआ, लेकिन धुआं सुबह तक उठता रहा है। वहां जमा हुए ग्रामीणों का कहना है कि आग बुझाने का काम शुरू कर दिया नहीं तो आग घरों तक पहुंच सकती थी और उससे काफी नुकसान हो सकता था।

# युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मार्च को पलासमा सायरा निवासी भैरूलाल पुत्र केसुलाल प्रजापत का शव नवरत्न में ज्ञानगढ़ रोड़ पर मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर हैड कांस्टेबल जसवंतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। भैरूलाल एक हाथ से विकलांग होकर विभिन्न स्थानों पर चौकीदारी किया करता था। इसी प्रकार गत दिनों नाई थाना क्षेत्र में स्टोट हाईवे उदयपुर झाड़ोल मार्ग स्टेट हाइवे पर हुए सडक हादसे में घायल बडी उन्दरी भगतफला निवासी लोकेश पुत्र बाबूलाल मीणा की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। नाई थाना एएसआई पर्वतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा पकड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने नगदी, दो मोबाइल, एलईडी व सट्टे के हिसाब की डायरी जब्त की।

**निवाई, (निसं)।** डीएसटी व पुलिस निवाई थाना क्षेत्र में आईपीएल मैच के दौरान लाखों रुपये के ऑनलाइन सट्टे के कारोबार करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे 22 हजार 400 रुपए, दो मोबाइल, एक एलईडी व सट्टे के हिसाब की डायरी जब्त किए हैं।

डीएसटी के उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध अभियान को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निवाई थाना क्षेत्र में आईपीएल 2026 के बेंगलुरु बनाम हैदराबाद मैच के दौरान लाखों रुपये के ऑनलाइन सट्टे के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए इंदिरा कॉलोनी में देर रात दबिश देकर आरोपी रवि पारीक उर्फ जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। जिससे 22 हजार 400 रुपये की सट्टा राशि, दो मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी व सट्टे के हिसाब-किताब की एक डायरी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। टीम में हैड कानि. मो शरीफ , कानि प्रधान, शिवपाल, रुकमकेष, राधामोहन, राधाकिशन व राजेश कुमार शामिल थे।

# सट्टा लगाते आठ गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने अलीगढ़ और सोप थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग ठिकानों पर छापामारी की कार्रवाई कर सट्टा पर्ची पर संचालित जुआ खेलते आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 56 हजार 780 रुपए नकद एवं सट्टा हिसाब डायरी में 22 लाख के जुए का हिसाब व मोबाइल और टीवी आदि बरामद किया है।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि अलीगढ़ थाना क्षेत्र के पचाला में डीएसटी कार्रवाई कर दो व्यक्तियों को सट्टा पर्ची पर जुआ खिलाते हुए मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 47 हजार 500 कैश और मौके से बरामद डायरी में 6 लाख का हिसाब मिला। दोनों आरोपी पचाला निवासी सीताराम पुत्र हनुमान मीणा, इकबाल पुत्र शहाबुद्दीन खान को गिरफ्तार किया है। वहीं सोप थाना इलाके में कोटड़ी मोड़ पर टीम द्वारा छापामारी कर 6 व्यक्तियों के कब्जे से 9200 जुआ राशि जब्त की है। डायरियों में 16 लाख रुपए का हिसाब किताब मिला है। टीम ने नंदकिशोर, यासीन, धारा सिंह, प्रकाश बैरवा, चेतन मीणा एवं देशराज मीणा को गिरफ्तार किया है।

# सरवाड़ : दाल फैक्टरी में भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान

## आग से बड़ी मात्रा में दाल, मशीनरी और अन्य सामग्री जल गई

**सरवाड़, (निसं)।** रीको एरिया में स्थित अरावली इंडस्ट्रीज की दाल फैक्टरी में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। पुलिस गश्त के दौरान फैक्टरी से उठता धुआं और आग की लपटें देख तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।

- रीको एरिया में अरावली इंडस्ट्रीज में आग लग गई थी, बड़ा हादसा टला

एएसआई नारायण लाल की तत्परता से पांच दमकल वाहनों को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़ी जनहानि टल गई। फैक्टरी मालिक के अनुसार आग में बड़ी मात्रा में दाल, मशीनरी और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का




दमकल वाहनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए थे, लेकिन प्रशासन और दमकल विभाग की सतर्कता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

# नोखा : राजस्थान रोडवेज बस में यात्रियों को फर्जी टिकट थमाये

## विजिलेंस चेकिंग के दौरान बस में 10 यात्री फर्जी टिकट पर सफर करते मिले

**नोखा, (निसं)।** क्षेत्र में राजस्थान रोडवेज की बस में फर्जी टिकट से यात्रियों को यात्रा करवाने का मामला सामने आया है। विजिलेंस चेकिंग के दौरान 10 यात्री फर्जी टिकट पर सफर करते मिले। रोडवेज विभाग की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजिलेंस टीम को देखकर बस सारथी मशीन और किराया लेकर फरार हो गया। बीकानेर रोडवेज की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- विजिलेंस टीम को देखकर बस सारथी मशीन और किराया लेकर फरार हो गया, थाने में रिपोर्ट दर्ज
- फर्जी टिकट पर दो यात्री अजमेर से बीकानेर, छह यात्री नागौर से बीकानेर और दो यात्री मेड़ता से बीकानेर जा रहे थे

मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि 28 मार्च को उन्हें सूचना मिली थी कि बस सारथी अंकित पुत्र सुभाष जयानी यात्रियों से किराया लेकर फर्जी टिकट जारी कर रहा है। इस सूचना के बाद विजिलेंस टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि जयपुर के विद्याधर नगर डिपो से संचालित बस संख्या आरजे 14 पीएच 0293, 27 मार्च को जयपुर से अजमेर, नागौर, नोखा होते हुए बीकानेर आ रही थी। इसी दौरान बस सारथी ने यात्रियों से किराया लेकर फर्जी टिकट जारी किए। विजिलेंस टीम ने बुद्धरों की ढाणी के पास बस को रुकवाकर जांच की। इसमें 10 यात्री फर्जी टिकट पर यात्रा करते पाए गए। इनमें दो यात्री अजमेर से बीकानेर, छह यात्री नागौर से बीकानेर और दो यात्री मेड़ता से बीकानेर जा रहे थे। सभी यात्रियों से पूरा किराया वसूला गया था, लेकिन उन्हें फर्जी टिकट दिए गए थे। जांच के दौरान अधिकारियों ने बस सारथी अंकित से पूछताछ की। वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और रोडवेज की आईटीएम मशीन तथा किराए की राशि लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में विभाग ने अन्य डिपो से जानकारी जुटाई, जिसमें मेड़ता और नोखा रेलवे स्टेशन से जारी टिकट भी फर्जी पाए गए। नागौर के मुख्य प्रबंधक ने भी 28 मार्च को जांच में इन टिकटों के फर्जी होने की पुष्टि की।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि अलाय गांव निवासी बस सारथी अंकित ने फर्जी टिकट जारी कर सरकारी राजस्व का गबन किया। उसने विभाग द्वारा दी गई मशीन से सही तरीके से टिकट जारी नहीं किए। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त कार से एक क्विंटल डोडा-चूरा जब्त

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने नेशनल हाइवे 48 पर एक संदिग्ध हुंडई वरना कार से 101 किलो अवैध डोडा-चूरा बरामद किया है। मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार डीएसटी के कांस्टेबल रमेश को मुखबिर से सूचना मिली कि हमीरगढ़ से मांडल की ओर जा रही एक दिल्ली पासिंग वरना कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुर थाना पुलिस और डीएसटी ने घेराबंदी की। पुलिस को देख तस्कर ने कार की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर हाथी भाटा आश्रम कट के पास हाइवे के डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे कार्यवाहक थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय और उनकी टीम ने क्षतिग्रस्त कार की तलाशी ली। कार के अंदर प्लास्टिक के कट्टों में भरा 101 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा पाया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी हरदेव सिंह

- पुलिस ने मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया

(39) पुत्र मानसिंह, निवासी मुबारिकपुर (अलवर) को गिरफ्तार कर लिया। कार में अवैध परिवहन के लिए कोई लाइसेंस या परमिट नहीं मिला। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त वरना कार को जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

# अफीम की अवैध खेती पकड़ी, एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई की है। आसींद तहसील के झालरा गांव में पुलिस और प्रशासन को चकमा देने के लिए प्याज की फसल के बीच छिपाकर की जा रही अफीम की अवैध खेती का पर्दाफाश हुआ है। ब्यूरो की टीम ने मौके से 1098 अफीम के पौधे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

तस्करों ने बेहद शातिराना तरीका अपनाया था। खेत में दूर से देखने पर केवल प्याज की फसल नजर आ रही थी, लेकिन जब की टीम ने धरातल पर जांच की, तो प्याज के पौधों के बीच अवैध रूप से उगाए गए अफीम के पौधे मिले। मुखबिर की सटीक सूचना पर ब्यूरो की टीम ने अचानक दबिश दी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। के अधिकारियों के अनुसार, इस गिरफ्तारी के बाद अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस अवैध खेती के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भीलवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में नशे के खिलाफ यह अभियान अब और तेज होगा। इस कार्रवाई ने क्षेत्र के अन्य अवैध खेती करने वालों में भी दहशत पैदा कर दी है।

# 50 वर्षीय व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डाल आग लगाई

**रामगंजमंडी, (निसं)।** सुकेत थाना क्षेत्र के जुल्मी गांव में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को तुरंत झालावाड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार घायल कैलाश अपनी बुआ के निधन की सूचना पर गांव आया था और वह ड्राइवरी का काम करता है। घटना के समय उसके शराब के नशे में होने की भी बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उसने वाहन से पेट्रोल निकालकर खुद पर डाल लिया और आग लगा ली। मौके पर मौजूद परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2025-26/302-304 Date: 19-03-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 90/2025-26**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 368.69 लाख (08 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 24-03-2026 को प्रातः 10.00 बजे से 09-04-2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 24-03-2026 को प्रातः 10.00 बजे से 09-04-2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 10-04-2026 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : ITU2526WSOB00495 TO ITU2526WSOB00502

अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/23456

# सामोद में नींबू-बैर की खेती की आड़ में गांजे की खेती, तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने विजयसिंहपुरा-बांसा गांव स्थित खेत से जब्त किए 1510 गांजे के पौधे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के सामोद इलाके में विजयसिंहपुरा-बांसा गांव में अवैध मादक पदार्थ तस्कर ने पुलिस को चकमा देने के लिए नींबू-बेर के बागान में गांजे की फसल उगा रखी थी। डीएसटी टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1510 गांजे की पौधे उखाड़कर अपने कब्जे में लिए और आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अन्य तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा के अनुसार विजयसिंहपुरा-बांसा गांव निवासी भैरू राम सैनी काफी समय से अपने ही बगीचे में गांजे की खेती कर रहा था। उसने नींबू, बेर और घनी झाड़ियों के बीच करीब 1510 गांजे के पौधे इस तरह छिपा रखे थे कि उन्हें नंगी आंखों से देख पाना मुश्किल था। टीम मौके पर पहुंची, सभी पौधे जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी।

गौरतलब है कि एसीपी रजनीश पूनिया की देखरेख में जयपुर ग्रामीण पुलिस के ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। जिसके लिए विशेष टीम का गठन किया गया।



**सामोद स्थित विजयसिंहपुरा-बांसा गांव में खेत में नींबू-बेर के बागान के बीच उगे हुए गांजे के 1510 पौधों को पुलिस ने जब्त किया।**

विशेष डीएसटी टीम के एएसआई रामनिवास मीणा और सत्येंद्र के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर आरोपी के खेत से 1510 गांजे के पौधे जब्त किए। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है। पुलिस ने इसी के साथ गोविंदगढ़ इलाके में स्थित खेजरोली के मूंडरु रोड पर सार्वजनिक

- **खेजरोली-मूंडरु रोड पर सार्वजनिक पार्क के पास से भी गांजे के 1057 पौधे जब्त**

पार्क के पास एक खेत से 1057 गांजे के पौधे जब्त किए है। गोविंदगढ़ थाना अधिकारी सांखला ने बताया कि खेजरोली में मूंडरू रोड पर सार्वजनिक पार्क के पास एक खेत के लगी तारबंदी के पास पहुंचे तो अंदर पौधों से गांजे जैसी गंध आई। खेजरोली चौकी प्रभारी धर्मपाल यादव को जाप्ते सहित तलब किया।

जिस पर पुलिसकर्मियों ने पौधे की पहचान की तो गांजे के पौधों के रूप मे पहचान हुई। खेत मालिक के बारे में पूछा तो खेत नरपत सिंह उर्फ लालसिंह पुत्र उमेद सिंह निवासी खेजरोली का होना बताया। पुलिस ने 1057 गांजे के पौध उखाड़कर उनका वजन किया तो वजन 74.470 किलोग्राम हुआ।

पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में अधिकारी विनोद कुमार सांखला, चौकी प्रभारी धर्मपाल यादव, कांस्टेबल भारत भूषण, दिनेश कुमार, संजय कुमार,सुरज्ञान देवी,संजय कुमार,मुकेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# जयपुर जिला प्रशासन ने 17 माह में खोले 1800 से ज्यादा आम रास्ते

## मुख्यमंत्री भजनलाल की प्रेरणा से जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सहमति व समझाइश से हर सप्ताह प्रत्येक तहसील में खुलवाए जा रहे हैं 3 रास्ते

-कार्यालय संवाददता-

**जयपुर ।** एक प्रशासनिक पहल आमजन के जीवन में किस तरह ठोस और सकारात्मक बदलाव ला सकती है, इसका जीवंत और प्रेरक उदाहरण जयपुर जिले की लसाड़िया पंचायत में देखने को मिलता है। कभी गडूडा से चकवाड़ा तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए काफी परेशानी भरा था। 17 किलोमीटर का लंबा और थकाऊ सफर, समय की बर्बादी और रोजमर्रा की परेशानियां उनकी नियति बन चुकी थीं। लेकिन आज वही रास्ता उम्मीद, राहत और बदलाव की कहानी कहता है।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान के तहत 30 वर्षों से बंद पड़ा यह मार्ग जब खुला, तो मानो ग्रामीणों की जिंदगी ही बदल गई। अब गडूड़ा से चकवाड़ा की दूरी 17 किलोमीटर से सिमटकर महज 7 किलोमीटर रह गई है। यह केवल दूरी कम होने की बात नहीं, बल्कि रोज की मशक्कत, अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी से मुक्ति की कहानी है। ग्रेवल सड़क बनने से यह राहत और भी सहज हो गई है, अब किसान अपनी उपज आसानी से बाजार तक पहुंचा पा रहे हैं, बच्चे बिना थके स्कूल जा रहे हैं और जरूरत के समय चिकित्सा सुविधाएं भी तेजी से उपलब्ध हो पा रही हैं।

लसाड़िया की यह सफलता की कहानी भले ही एक उदाहरण हो, लेकिन इसके पीछे छिपा बदलाव बहुत व्यापक है। जयपुर जिले में महज 17 महीनों से भी कम समय में लसाड़िया की तर्ज पर 1800 से अधिक वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खुलवाकर लाखों ग्रामीणों के जीवन को सरल और सुगम बनाया गया है। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के कुशल निर्देशन और सतत मॉनिटरिंग में यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। संवाद, सहमति और समझाइश के माध्यम से वर्षों पुराने विवादों को सुलझाते हुए गांवों, ढाणियों और खेतों तक जाने वाले रास्तों को फिर से जीवंत किया गया है।

अतिरिक्त कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि 15 नवम्बर 2024 से 29 मार्च तक इस अभियान के तहत कुल 1802 रास्ते खुलवाए जा चुके हैं। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रशासन ने कार्य को निरंतरता प्रदान की है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील ने सर्वाधिक 154 रास्ते खुलवाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मौजमाबाद तहसील में 135 रास्ते खोलकर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि चौमूं में 109, शाहपुरा में 106, चाकसू में 100, फुलेरा में 99, जमवारामगढ़ में 96, आमेर में 94, दूदू में 92, रामपुरा डाबड़ी में 91, माधोराजपुरा में 86, बस्सी में 85, जोबनेर में 84, जालसू में 79, कोटखावदा में 78, किशनगढ़ में 77, तुंगा में 61, सांगानेर में 39, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खोले गए हैं।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने

## प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जयपुर के किसान मुरलीधर के जीवन में सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र किया

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 132वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि जयपुर के किसान मुरलीधर पहले खेती के लिए डीजल पम्प पर निर्भर थे, जो काफी महंगा पड़ता था। अब उन्होंने सोलर पम्प अपनाकर ईंधन की चिंता से मुक्ति पाई है और समय पर सिंचाई होने से उनकी सालाना आय भी बढ़ गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत एक दशक से अधिक समय में देश का सामर्थ्य बढ़ा है। फिलहाल मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच देश की ईंधन आवश्यकताओं को सुरक्षित एवं संतुलित बनाने के लिए जरूरी कदम भी उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश मौजूदा परिस्थितियों



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ प्रधानमंत्री मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना।**

का एकजुटता से मुकाबला कर रहा है। सभी आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले दिन से ही जनता की सेवा के संकल्प पर कार्य करना शुरू कर दिया था। अब तक पेश किए गए बजटों में गरीब, किसान, महिला और मजदूर सहित सभी वर्गों एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों को उनकी विभिन्न विकास सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि गत सरकार में युवाओं के हितों पर कुठाराघात हुआ, लेकिन हमने पेपरलीक पर लगाम लगाकर भर्ती परीक्षाओं को पूर्ण पारदर्शिता से आयोजित किया है। इस अवसर पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल मीना, कुलदीप धनकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# 65 कार्टन अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस के ''ऑपरेशन एंटी वेनम'' अभियान के तहत जमवारामगढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा निर्मित शराब से भरा कंटेनर पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 65 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देश पर 15 मार्च से 31 मार्च 2026 तक ड्रग्स व नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई है। गत 28 मार्च को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह और वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ रामकिशन विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी भगवान सहाय के नेतृत्व में टीम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दूला टोल के पास नाकाबंदी की। इस दौरान अलवर-दौसा की ओर से आ रहा एक कंटेनर पुलिस को देखकर तेज गति से भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम शाहरुख खान (28) निवासी



धोज, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) बताया। तलाशी के दौरान कंटेनर से 65 कार्टन हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर पुलिस ने एक्साइज एक्ट की धारा में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और किन स्थानों पर सप्लाई की जानी थी। इस कार्रवाई को जयपुर ग्रामीण पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। कार्रवाई में थानाधिकारी भगवान सहाय के नेतृत्व में महेंद्र सिंह, राजेंद्र, हरिकिशन, रामकिशन, विजय, सागर, राकेश और हुकमनाथ सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 'मुंगेरी लाल के सपने देखना बंद करें गहलोत'

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'इंतजार की राजनीति' छोड़कर सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। जनता के बीच रहकर सकारात्मक योगदान देना ही सच्ची राजनीति है। अफवाह फैलाने और गलत सलाह देने से बचना चाहिए। गहलोत तो ऐसे इंतजार कर रहे है जैसे वो मुख्यमंत्री बनना चाहते है। गहलोत मुंगेरी लाल के सपने देखना बंद करें और धरातल पर आए, समाज की सेवा करें, अफवाह नहीं फैलाएं।

उन्होंने कहा कि, विपक्ष को चाहिए कि जैसे कोविड के दौरान विपक्ष की भूमिका निभाते हुए भाजपा ने पूर्ण सहयोग दिया था, उसी तर्ज पर आज कांग्रेस विपक्ष की सकारात्मक भूमिका निभाए, जनता के साथ मिलकर सरकार को सहयोग करें। राठौड़ ने कहा कि सभी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र हैं और अपना कार्य निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। चुनाव आयोग जब भी चुनाव की घोषणा करेगा, भाजपा पूरी तरह तैयार है। उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना।

इस दौरान सांसद घनश्याम तिवाडी, मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, नारायण मीना, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, सह कार्यालय प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमावत, विधायक गुरवीर बराड, बालमुकुंदाचार्य, प्रदेश राजेंद्र सिंह शेखावत, प्रवक्ता स्टेफी चौहान सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना का लाभ 31 तक

**जयपुर ।** भूमि विकास बैंकों के ऋणी सदस्यों के लिए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए अंतिम दो दिवस शेष हैं। इच्छुक ऋणी सदस्य 31 मार्च, 2026 तक योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए पात्र सदस्य तत्काल अपने जिले के सहकारी भूमि विकास बैंक में सम्पर्क कर ऑनलाइन रसीद प्राप्त करें।

राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास

- **इच्छुक ऋणी 31 मार्च तक सहकारी भूमि विकास बैंक में सम्पर्क कर ऑनलाइन रसीद प्राप्त करें**

बैंक के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने में मात्र दो दिवस शेष है तथा इसमें भी एक ही कार्य दिवस है। इस कल्याणकारी योजना के लाभ से अब तक वंचित रहे ऋणी सदस्य 31 मार्च से पूर्व ऑनलाइन रसीद प्राप्त कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना की अवधि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 मार्च, 2025 को विधानसभा में की गई घोषणा की पालना में भूमि विकास बैंकों के ऋणी किसानों एवं लघु उद्यिमयों के हित में 200 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान कर यह योजना लागू की गई थी। योजना के अंतर्गत किसानों एवं लघु उद्यिमयों से केवल मूल ऋण, बीमा प्रीमियम एवं 1 जुलाई 2024 के बाद के ब्याज की राशि लेकर राहत प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत 30 जून 2024 तक के बकाया शत प्रतिशत अवधिपार ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है। योजना की अवधि पूर्व में तीन-तीन माह के लिये राज्य सरकार द्वारा किसानों एवं लघु उद्यिमयों के हित में बढ़ाई जाती रही है।

# सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की मांग के साथ करणी सेना सड़कों पर उतरी

## राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए संगठन और समाजजनों ने किया जयपुर में विरोध-प्रदर्शन




**श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने रविवार को जयपुर में प्रदर्शन कर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपियों को सजा दिलाने तथा परिवार को न्याय व सुरक्षा की मांग उठाई।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने रविवार को जयपुर में प्रदर्शन कर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। संगठन ने हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने, एनआईए से निष्पक्ष जांच कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोश जताया।

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2023 में जयपुर के श्याम नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में घुसकर गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में नवीन सिंह और निजी सुरक्षा कर्मी अजीत सिंह की भी मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे देश में राजपूत समाज सहित सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त था। उस समय सरकार और समाज के प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद समाज ने विश्वास

- **इस प्रकरण की एन.आई.ए. से निष्पक्ष जांच करवाने, सरकारी नौकरी व सुरक्षा की मांग उठाई**

जताते हुए शांति बनाए रखी, लेकिन लंबे समय बाद भी कई प्रमुख मांगें अधूरी हैं। प्रदर्शन के दौरान अजीत सिंह की पत्नी रेनू कंवर ने कहा कि घटना को करीब ढाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक दोषियों को सजा नहीं मिली है। उन्होंने हत्यारों को फांसी देने के साथ ही सरकार द्वारा किए गए वादों-सरकारी नौकरी, सुरक्षा और मुआवजा-को पूरा करने की मांग की। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष उजागर सिंह डाबला ने आरोप लगाया कि सरकार उनकी प्रमुख मांगों से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि गोगामेड़ी की पत्नी शीला शेखावत की सुरक्षा बढ़ाई जाए, अजीत सिंह की पत्नी को सरकारी नौकरी व मुआवजा दिया जाए और एसआईटी का गठन किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमले की आशंका को लेकर पहले ही चेतावनी दी गई थी, बावजूद इसके सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई।

करणी सेना ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार के समक्ष मांगों में कहा कि इस मामले में एसआईटी का गठन हो, शीला शेखावत की सुरक्षा बढ़ाना, चैन सिंह को पुनः सुरक्षा देना, अजीत सिंह की पत्नी को सुरक्षा प्रदान करना, अजीत सिंह की पत्नी को फर्स्ट ग्रेड टीचर के पद पर नियुक्ति देना, उचित मुआवजा प्रदान करना और प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा उपलब्ध कराना सहित प्रमुख मांगें रखी।

## सार-समाचार

### डैशबोर्ड को स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2025

**जयपुर ।** राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा विकसित फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 28 मार्च, 2025 को नई दिल्ली स्थित नेशनल हैबिटेट सेंटर में आयोजित स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया। राज्य की ओर से यह पुरस्कार डॉ. प्रवीण कुमार, सहायक निदेशक, एस.डी.जी. को ऑर्डिनेशन एंड एक्सीलरेशन सेंटर ने समारोह में ग्रहण किया। यह डैशबोर्ड राज्य में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की स्थिति का जिलेवार आकलन प्रस्तुत करता है। विश्व स्तर पर स्थापित मानकों के आधार पर तैयार यह प्लेटफॉर्म नीति-निर्माताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सटीक एवं विस्तृत विश्लेषण उपलब्ध कराता है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। उल्लेखनीय है कि इस डैशबोर्ड का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा वर्ष 2024 में किया गया था। यह उपलब्धि राज्य के डेटा-आधारित सुशासन एवं पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

### हार्ट-लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी का उद्घाटन

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि चिकित्सा केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन के संरक्षण और संवर्धन का संवेदनशील दायित्व है। विधानसभाध्यक्ष देवनानी रविवार को जयपुर के मानसरोवर में प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर हार्ट और लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि जयपुर में अत्याधुनिक हार्ट फेल्योर क्लीनिक की स्थापना प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे गंभीर हृदय रोगों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने इस पहल को चिकित्सा क्षेत्र में नई दिशा का उद्घाटन बताते हुए कहा कि इससे राजस्थान के मरीजों को बड़े महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पडेगा।

### कार्यक्रम में गूंजे सदाबहार गीत


**जयपुर ।** शहर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रविवार को बालोदिया लाइव बैंड एवं डायमंड ऑर्केस्ट्रा के तत्वावधान में संगीतमय कार्यक्रम 'ये चाँद सा रोशन चेहरा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 60, 70 और 80 के दशक के सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की थीम 'चाँद' एवं 'चेहरे की खूबसूरती' पर आधारित रही, जिसके अंतर्गत चयनित गीतों को कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का निर्देशन टी-सीरीज से जुड़े गायक मोहन कुमार बालोदिया ने किया। मोहन कुमार बालोदिया ने शीर्षक गीत ये चाँद सा रोशन चेहरा की प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने सराहा। रश्मि बालोदिया ने मेरे नयना सावन भादो गीत को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। विशाल शर्मा ने चाँद से पर्दा कीजिए गीत के माध्यम से अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निकिता कोका लालवानी एवं मोहन कुमार बालोदिया ने युगल गीत छेड़ो ना मेरी जुल्फें प्रस्तुत किया, जिसमें दोनों कलाकारों की समन्वित प्रस्तुति दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। कार्यक्रम में नागेश भटनागर, के.के. मीना, विशाल शर्मा, संजय भटनागर, देवेन सिन्हा, बी.के. मालपानी, विपिन जैन, मनीषा जैन, निकिता कोका लालवानी, सोनिया शर्मा, पूनम चन्द्रा एवं विनेहा पुरोहित ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन अरुण किम्मतर एवं विनेहा पुरोहित ने किया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

### पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में बदलाव

**जयपुर ।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव दर्ज किया गया है। रविवार को अधिकांश शहरों में बादल छाए रहे, जबकि श्रीगंगानगर सहित कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। बादलों के कारण दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में दिनभर छितराए बादल छाए रहे और दोपहर बाद धूलभरी हवाएं चलीं। इस दौरान सूरज और बादलों के बीच आंख-मिचौली का दौर जारी रहा। जयपुर का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसमें दिन के तापमान में 1.6 डिग्री और रात के तापमान में 2.5 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 30 और 31 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव सर्वाधिक रहेगा। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में तेज मेघगर्जन, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में भी लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने के कारण राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

### देवनानी ने दी महावीर जयंती की बधाई

**जयपुर ।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।। अपने संदेश में देवनानी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और करुणा के उच्च आदर्शों का प्रतीक है। उनके सिद्धांत विश्व की वर्तमान परिस्थितियों में आज भी प्रासंगिक हैं, जब समाज को शांति, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों की अत्यंत आवश्यकता है। देवनानी ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो' मानवता के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शक मूल मंत्र है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।




## Raising Awareness And Breaking Stigma: World Bipolar Day

Observed every year on March 30, World Bipolar Day aims to raise awareness about bipolar disorder and eliminate the stigma surrounding mental health conditions. The date marks the birth anniversary of artist Vincent van Gogh, who is believed to have lived with bipolar disorder. The day encourages open conversations about mood disorders, early diagnosis, and access to proper treatment. Bipolar disorder is characterised by extreme mood swings ranging from emotional highs (mania or hypomania) to depressive episodes. Through education, empathy and support, World Bipolar Day highlights the importance of understanding mental health and fostering inclusive, compassionate communities worldwide.




#HIPPOS

# Hippos Are Not Fat

Hippos don't swim in the traditional sense. Instead, they are incredibly buoyant, and they 'walk' along the riverbed



जानकारी के अनुसार अर्जुनसर सरपंच सुमन गवारिया के पति पवन गवारिया की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदार व स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। फायर ब्रिगेड के समय पर नहीं पहुंचने के कारण स्थानीय नागरिकों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बुझाने के लिए ग्रामीणों को काफी संघर्ष करना पड़ा। आग अचानक भड़की और तेजी से फैलने लगी। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान मौके पर पहुंचे। पानी के टैंकर और स्प्रे मशीनों (ढोल) के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि दुकान की छत गिर गई और लपटें आसपास की दुकानों की ओर बढ़ने लगीं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आगजनी में करीब 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

घटना के दौरान क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की अनुपलब्धता साफ नजर आई। बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड करीब तीन घंटे की देरी से मौके पर पहुंची, तब तक स्थानीय लोग ही आग पर काफी हद तक काबू पा चुके थे। इस घटना के बाद महाजन व आसपास के क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की कमी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि समय पर दमकल पहुंचती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था।

## संक्षिप्त

### मंदिर के निर्माण कार्य को लेकर बैठक संपन्न

**निवाई।** झिलाय में मूरली मनोहर जी महाराज के मंदिर में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मंदिर के निर्माण कार्य को लेकर चर्चा कर की गई। समिति के ताराचंद बोहरा ने बताया कि बैठक में ठेकेदार को मंदिर के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उसके पश्चात आय व्यय पेश किया गया। मंदिर निर्माण की बाकी उगाई व नई उगाई के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में प्रेमचंद बोहरा, भंवरलाल पारीक, महेशकुमार मिश्रा, बद्रीनारायण साहू, जगदीशप्रसाद, मोहनलाल सोनी, भगवान सोनी, त्रिलोकचंद बोहरा, ताराचंद बोहरा, केलाशचंद पारीक कोटा, शंकरलाल पारीक जयपुर व पुजारी मनीषकुमार पारीक सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान के भोग लगाकर प्रसादी वितरित की।

### अवैध दो नाली बन्दूक के साथ एक गिरफ्तार

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध दो नाली बन्दूक रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अवैध दो नाली बन्दूक रखने के आरोपी युसुफ खान पुत्र मोहम्मद बंजारा निवासी ढाणी बंजारा तन लुहारा को अवैध दो नाली बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आम्र्स एक्ट में मामला दर्ज किया है।

### 'सेवा और साधना से ही जीवन सफल'

**मनोहरपुर ।** कस्बे के उदावाला गांव के मिश्रावास में आयोजित 9 कुण्डलीय महायज्ञ में अखंड दीपक और पूज्य माताजी के सानिध्य में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। कार्यक्रम के दौरान साध्वी जी ने जीवन जीने की सही राह दिखाते हुए सेवा और भक्ति का महत्व समझाया। इस दौरान माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान की भक्ति तभी पूरी होती है जब हम इंसानियत की सेवा करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ''गायत्री मंत्र की साधना हम सभी के लिए जरूरी है,क्योंकि यह हमें सही रास्ता दिखाती है। लेकिन अपनी साधना के साथ-साथ हमें गरीब, बीमार और बुजुर्गों की मदद के लिए भी हमेशा तैयार रहना चाहिए।''


### 1 से लागू होंगी परिवर्तित टोल दरे

**मनोहरपुर ।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की और से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हरियाणा के मानेसर से जयपुर के बीच में पडऩे वाले मनोहरपुर सहित अन्य टोल की दरों में परिवर्तन किया जाएगा। ये संशोधित दर जयपुर- दिल्ली की यात्रा करने वाले निजी एवं सरकारी वाहनों पर मंगलवार मध्य रात्रि से लागू होगी। नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही हाईवे पर सफर करना महंगा होने वाला है। टोल विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए नई दरों की घोषणा कर दी है, जो 1 अप्रैल की आधी रात से लागू होंगी। अब निजी कार से लेकर भारी ट्रकों तक, सभी को अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी।

### गाड़ी की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**दूदू ।** जयपुर अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोखमपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन गाडोता पुलिया के पास शनिवार की रात को बस का इंतजार कर रहे हैं एक व्यक्ति की पिक अप गाड़ी की टक्कर से मौके पर मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री दिलीप कुमावत निवासी दूदू दूदू के लिए बस का इंतजार कर रहे थे इस दौरान तेज रफ्तार से आई पिकअप गाड़ी की चपेट में आ जाने पर मौत हो गई घटना की सूचना मोखमपुरा पुलिस थाने में मिला के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को मुर्दाघर बिचुन में रखवाया गया घटना की रिपोर्ट दर्ज कर वाहन को जप्त कर लिया।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# श्रीराम नवमी व हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कलश यात्रा निकाली

**कोटपूतली।** विश्व हिन्दू परिषद के सानिध्य में श्रीराम नवमी व हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कलश व श्रीराम ध्वजा यात्रा कस्बे के कृष्णा टॉकिज के सामने स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से परशुराम मंदिर तक निकाली गई। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसके बाद श्रीराम दरबार की सजीव झांकी संतां के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में कलश व ध्वजा लेकर विशाल यात्रा निकाली गई।

इस दौरान दुर्गावाहिनी की बहनों द्वारा दंड युद्ध का प्रदर्शन किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, इत्र के छीड़काव से यात्रा का स्वागत हुआ। समापन के समय 1008 बालेष्वर दास ने भगवान श्रीराम की महिमा बताते हुये कहा कि श्रीराम जी के चरित्र से शिक्षा लेकर जीवन सुखमय होता हैं। भाई से भाई का प्रेम, माता पिता के साथ व्यवहार, मित्र का साथ, पत्नी, दास, समाज से कैसा बर्ताव करें यह रामजी ने अपने जीवन में जीकर दिखाया है। 108 मंगलदास महाराज ने कहा कि प्रत्येक घर में पवित्र ग्रन्थ श्रीराम चरितमानस रखें और उसका सपरिवार नित्य पाठ करें। इसके



भव्य कलश व श्रीराम ध्वजा यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ

प्रभाव से घर स्वर्ग बन जायेगा, बच्चे संस्कारित बनेंगे, राग द्वेष नहीं रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राधेश्याम गौतम ने कहा कि हिन्दू सोदरा सर्वे न हिन्दू पतितो भवेत अर्थात सभी हिन्दू समान है कोई छोटा बड़ा नहीं है।

हिन्दू समाज में कोई भेद ना रहे। यदि हम धर्म की रक्षा करेंगें तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। विश्व हिन्दू परिषद का उद्देश्य हिन्दुओं की रक्षा, उन्नित, उत्थान व संस्कारित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र व धर्म की रक्षा करते हुये आने वाली पीढ़ी को संस्कारित कर सुखमय जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव पर हम बच्चों को हनुमान जी जैसा बुद्धिमान, बलशाली बनायें ताकी हमारा हिन्दू समाज पुन: विष्व को शांति सद्भाव, त्याग का पाठ पढ़ाये। जिसकी सम्पूर्ण विष्व को आवश्यकता है।

इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष

■ श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन, श्रीराम चरितमानस किये वितरित

राजेश सवाईका और संतों के कर कमलों से श्रीराम चरितमानस वितरित किये गये। विष्व हिन्दू परिषद ने सभी घरों में श्रीराम चरितमानस ग्रन्थ पंहुचाने का संकल्प लिया है। विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. अष्वनी गोयल ने आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, एड. षिवकुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी, नगर मंत्री तूफान सोनी, बजरंग दल संयोजक अंकित छीपी, जिला कोषाध्यक्ष नेमीचन्द हिन्दू, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरूण कुमार सैनी, समाजसेवी पूरणमल भरगड़, सेवानिवृत जिला षिक्षा अधिकारी उमराव लाल वर्मा, पूर्व मण्डी चैयरमैन महेष मीणा, सुगन भाई, एसीबीईओ पूरण चंद कसाना, एड. दयाराम गुर्जर, रघुवीर गोयल, जितेन्द्र जोषी, प्रमोद गुरूजी, एड. मनोज अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता, आमजन व मातृ शक्ति मौजूद रही।

## गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की

**भरतपुर।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना साथ ही रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

डॉ. गर्ग ने रविवार को शहर के आनन्द नगर, रणजीत नगर, कृष्णा नगर, जवाहर नगर, इन्द्रा नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के नगला खुशहाल, खैमरा खुर्द, चिकसाना, नगला हाथीपुरा, मालीपुरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर मुलाकात की और लोगों के सुख-दु:ख में शामिल होकर संवेदनायें व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भी लोगों से चर्चा की। इस दौरान लोगों ने विभिन्न समस्याओं से डॉ. गर्ग को अवगत कराया। जिनका उन्होंने समाधान कराने का विश्वास दिलाया और सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष पर समस्या समाधान के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग का बृज नगर कॉलोनी में क्षेत्रीय लोगों ने स्वागत सम्मान किया। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की।

# वनस्थली विद्यापीठ का ९०वाँ वार्षिकोत्सव मनाया

**जयपुर।** वनस्थली विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सनारोह में मुख्य अतिथि अरविन्द लिमिटेड के उपाध्यक्ष पुनीत लालभाई थे।

मुख्य अतिथि महोदय का

■ भारत का सर्वश्रेष्ठ ए आई सेन्टर वनस्थली में वनस्थली की नारी शक्ति वैश्विक नेतृत्व के लिए सक्षम - पुनीत लालभाई

पारम्परिक स्वागत विद्यापीठ की अध्यक्ष, प्रो सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति, प्रो ईना आदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष, प्रो सुधा शास्त्री, वनस्थली सेंटर ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री, छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। स्वागत द्वार पर वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी।





समारोह के मुख्य अतिथि सनारोह में मुख्य अतिथि अरविन्द लिमिटेड के उपाध्यक्ष पुनीत लालभाई रहे।

छात्राओ ने पारंपरिक स्वागत गान एवं सूत की माला पहनाकर उनका अभिवादन किया।

स्वागत्त के पश्चात् मुख्य अतिथि महोदय ने वनस्थली की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल श्री शांताबाई शिक्षा कुटीर व संस्थापकों के मूल निवास स्थान गाँधी घर का अवलोकन किया। कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री द्वारा मुख्य अतिथि को इस स्थान की महत्ता से अवगत कराया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि लक्ष्मीबाई मैदान में ध्वजारोहण कर वनस्थली सेवादल द्वारा प्रस्तुत परेड में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि कला मंदिर में छात्राओं एवं देश-विदेश के अग्रणी कलाकारों की चित्रकारी एवं पेटिंग्स का अवलोकन किया। तदुपरान्त वे वीरबाला मैदान में घुड़सवारी, महदाजी शूटिंग रेंज में शूटिंग एवं मारूत मैदान में फ्लाइंग क्लब की गतिविधियों को देख कर अभिभूत हो गए।

## दीनदयाल उपाध्याय अभियान के तहत प्रशिक्षण आयोजित

**टोंक।** भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहर मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता करते हुए संगठन की कार्यपद्धति एवं विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आमजन से सशक्त जुड़ाव, बेहतर समन्वय तथा ''सबका साथ, सबका विकास'' के ध्येय को आगे बढ़ाने हेतु सार्थक संवाद हुआ। साथ ही संगठन की गतिविधियों की प्रभावी क्रियान्विति एवं जन-जन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान सात सत्र आयोजित किए गए, जिसके मुख्य वक्ता अजीत सिंह मेहता रहे तथा इसकी अध्यक्षता बादल साहू ने की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश माहुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश गढ़वाल, जिला मंत्री राधेश्याम चावला, विष्णु चावला, सुनील जैन, पार्षद बादल साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है'

**निवाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा शहर मण्डल के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा व शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

मुख्य वक्ता विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि एक जीवंत विचार है, जिसका मूल उद्देश्य भारत को परम वैभव पर पहुँचाना है। पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया ने कहा कि हमारे विचार का



दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ हुआ।

आधार पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद है, जो मनुष्य के भौतिक विकास के साथ-साथ उसके मानसिक व आध्यात्मिक उत्थान की भी वकालत करता है।

प्रशिक्षण में पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा व पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी ने भी विचार रखे। इसी प्रकार पूर्व पार्षद मदन वर्मा, एडवोकेट रमेश शर्मा व उपाध्यक्ष किशन चौधरी ने बूथ प्रबंधन एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की।

## सिलेंडरों की कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर विशेष जांच दल गठित

**खैरथल।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों की मांग एवं आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने जिला स्तर पर विशेष प्रवर्तन जांच दल का गठन किया है। इस जांच दल टीम में जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, उप अधीक्षक पुलिस (किशनगढ़-बास/तिजारा/भिवाड़ी), प्रवर्तन निरीक्षक पूनम चौधरी तथा ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर शामिल हैं।

इसी क्रम में जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने भिवाड़ी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 46 अवैध सिलेण्डर जब्त कर संबंधित आरोपी के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है। इस कारवाई में 21 भरे व 25 खाली सिलेण्डर है जिसमें 45 सिलेंडर एचपी व 1 भारत कम्पनी का है। सिलेण्डर

■ जिला रसद अधिकारी ने भिवाड़ी में अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई कर जप्त किए 46 घरेलू गैस सिलेंडर, संबंधित आरोपी के विरुद्ध कराया मामला दर्ज मचा हड़कंप

उन्होंने ने बताया घरेलू सिलेण्डरों के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अवैध रिफिलिंग जैसी गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ गठित टीम दल द्वारा गैस एजेंसियों का सघन भौतिक निरीक्षण करते हुए स्टॉक रजिस्टर का वास्तविक स्टॉक से मिलान किया जाएगा।

# प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा पश्चिम मंडल का आवासीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा स्थित विवेकानंद आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में पश्चिम मंडल द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण आवासीय वर्ग का उद्घाटन राष्ट्रगीत एवं द्वीप प्रज्जवलन के साथ शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर सत्र की अध्यक्षता करते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, इसलिये कार्यकर्ता से बडा कोई नहीं हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की गौरवशाली विचारधारा, राष्ट्र प्रथम की भावना तथा सेवा-संकल्प के मूल मंत्र से प्रेरित किया। संगठन की मजबूती, कार्यशैली एवं जनसेवा के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता जिला कार्यालय प्रभारी एड. अशोक सुरेलिया



विधायक पटेल ने प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण आवासीय वर्ग का उद्घाटन किया।

ने संगठन की कार्यपद्धित पर प्रकाश डालते हुये बैठक, कार्यसमिति, कार्यशाला, प्रशिक्षण, प्रवास, कार्यालय, कार्यक्रम, आंदोलन तथा रचनात्मक आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये संगठन की मजबूती एवं कार्यकर्ताओं के बौद्धिक विकास, आर्थिक शुचिता पर चर्चा की। अगले सत्र की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दाताराम शर्मा ने की, वक्ता जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह ने भाजपा के इतिहास और विकास के बारे में विस्तार से बताया। अगले सत्र की अध्यक्षता बनवारी लाल सैनी ने की, जबकि वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दाताराम शर्मा, मंडल महामंत्री विजय गुर्जर, सरपंच मालाराम सूद, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र सिंह, राहुल सोनी, जितेंद्र यादव, भोजराज सिंह, जयराम गुर्जर, विक्की पोषवाल, बलेश गुर्जर, मदन सिंह, भवानी सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन युवा मोर्चा के

■ विधायक हंसराज पटेल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की गौरवशाली विचारधारा, राष्ट्र प्रथम की भावना तथा सेवा-संकल्प के मूल मंत्र से किया प्रेरित

मंडल अध्यक्ष राजेश सराधना ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक हंसराज पटेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को विस्तार से सुना।

## सार-समाचार

### टेंपो में 4 दिन तक सड़ते रहे 4 मृत गोवंश

**अलवर ।** अलवर शहर से नगर निगम प्रशासन की संवेदनहीनता और लापरवाही का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरी व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। शहर के बुध विहार स्थित कांजी हाउस में पिछले चार दिनों से एक लोडिंग टेंपो में चार मृत गोवंश लावारिस हालत में पड़े-पड़े सड़ते रहे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इस लापरवाही के कारण पूरे इलाके में इतनी भयंकर दुर्गंध फैल गई कि आसपास रहने वाले सैकड़ों परिवारों का खाना-पीना और सोना दूभर हो गया है। रविवार को जब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूटा, तब जाकर कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन हरकत में आया। लोगों का कहना है कि परिसर के अंदर खड़े एक टेंपो में चार मृत गायों को भरकर छोड़ दिया गया था। चार दिनों से चिलचिलाती धूप और गर्मी के कारण उठने वाली सड़ांध अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। बदबू इतनी खतरनाक है कि पूरे इलाके के अंदर फैल चुकी है। आलम यह है कि लोग ठीक से खाना तक नहीं खा पा रहे और रात भर बदबू के कारण नींद नहीं आती। रविवार को मोहल्ले के लोगों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नगर निगम की कार्यप्रणाली बिलकुल सुस्त है। कांजी हाउस की दुर्दशा कोई नई बात नहीं है। मानसून के दौरान भी यहां जलभराव और गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिसकी शिकायतें कई बार की जा चुकी हैं, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं निकलता। अब तो हद ही हो गई कि मृत पशुओं को खुले वाहन में लादकर चार दिन तक छोड़ दिया गया। यह न केवल पशुओं के प्रति क्रूरता है, बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के साथ भी बड़ा खिलवाड़ है। संक्रमण फैलने के डर से अब मोहल्ले के लोग डरे हुए हैं।

### विधायक हंसराज पटेल से मिला दिव्यांगों का प्रतिनिधि मंडल

**कोटपूतली।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगजनों के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को विधायक हंसराज पटेल से उनके कांवर नगर स्थित आवास पर मुलाकात की। अध्यक्ष सुरेन्द्र छेपट के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को अपनी मूलभूत समस्याओं और अधिकारों से अवगत कराते हुये विस्तार से चर्चा की। इस दौरान दिव्यांगजनों ने विधायक के समक्ष अपनी मुख्य मांगें रखीं। प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि विधायक कोष से दिव्यांगों को आवागमन की सुविधा के लिये स्कूटी वितरित की जायें। साथ ही आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिये स्थानीय स्तर पर दुकान और डेयरी बूथ आवंटन के माध्यम से स्थाई रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की गई। विधायक पटेल ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने दिव्यांगजनों को आष्वस्त करते हुये कहा कि वे उनकी मांगों को लेकर गंभीर हैं। विधायक ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही विधायक कोष से स्कूटी वितरण की प्रक्रिया शुरू की जायेगी और रोजगार हेतु दुकानों के आवंटन के लिये उचित कदम उठाये जायेंगे। इस दौरान अध्यक्ष सुरेन्द्र छेपट, खींवराज गुरुजी, महेश सराधना, राजेश जांगल, सुभाष मुक्कड़, महेश चौधरी, रत्न मेहरानियां, महेश सैनी, इन्द्राज सैनी, राजेश धानका, बलबीर सैनी, रोहिताश चौटाला, सुभाष सैनी, रज्जो, ममता, हनुमान सहाय सहित क्षेत्र के अन्य दिव्यांगजन मौजूद रहे। 31 मार्च को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अंतिम तिथि 30 मार्च ही मान्य होगी। इसके अतिरिक्त 31 दिसम्बर 2022 के पश्चात नियुक्त ऐसे कर्मचारी जिन्होंने मई 2026 में आयोजित होने वाली टंकण गति परीक्षा हेतु अभी तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है, वे भी उक्त तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ 500 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट जो जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला कार्यालय की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

### परमार्थ योग सेवा संस्थान में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**दौसा ।** परमार्थ योग सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रवक्ता लोकेश शर्मा संस्कृत ने बताया कि इस अवसर पर जिला टॉपर नंदिनी विजय (99.17 ), खुशी शर्मा (97.50 ) एवं शुभ्रिल खंडेलवाल को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नंदिनी विजय ने अपनी सफलता का श्रेय योग को देते हुए बताया कि वे पिछले 2.5 वर्षों से नियमित रूप से योग का अभ्यास कर रही हैं और परमार्थ योग सेवा संस्थान से निरंतर जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से उनकी एकाग्रता, मानसिक संतुलन एवं आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे उन्हें परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिली। वहीं खुशी शर्मा ने भी अपनी सफलता का श्रेय योग एवं अनुशासित दिनचर्या को देते हुए बताया कि वे पिछले 3 वर्षों से परमार्थ योग सेवा संस्थान से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से उन्हें मानसिक शांति, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकीं और उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया।

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जिला दौसा की बैठक सम्पन्न

**दौसा ।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जिला दौसा की बैठक रविवार को स्थानीय होटल रावत पैलेस में प्रदेश उपाध्यक्ष घासीलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सर्व सम्मति से रमसीलाल भांडारेज को जिला अध्यक्ष एवं राधामोहन शर्मा को महामंत्री चुना गया। बैठक मे सर्व सम्मति से कार्यकारिण का गठन करते हुये कोषाध्यक्ष पद पर कल्याण सहाय हापावास, जिला महिला अध्यक्ष पद पर जलजीत मीना, जिला महामंत्री पद पर सरोज योगी, जिला महिला उपाध्यक्ष पद पर मीना शर्मा, जिला यूथ अध्यक्ष पद पर सियाराम सत्तावन, जिला यूथ महामंत्री पद पर रविन्द्र मोरेड़ को नियुक्त किया गया। बैठक में जगदीश प्रसाद मीना, शहर कांग्रेस दौसा मण्डल अध्यक्ष शरद नागर, शीतल प्रसाद चौबे, रामनारायण पंण्डा, श्रीधनसी राम बैरवा, जीवण राम गूर्जर, श्रीमति रुक्मणी गुप्ता, प्रदेश सचिव लल्ली देवी, विजेन्द्र शर्मा, जगदीश प्रसाद पोटर सहित दर्जनों स्थायी व नवीन सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर घासीलाल शर्मा ने कहा कि इंटक मजदूर व असंगठित कामगार व कर्मचारीयों, अधिकारियो के हितों की रक्षा करता है वर्तमान में कर्मचारियो के आठवें वेतन आयोग को लेकर असमंजस की स्थिती बनी हुई है जिस पर सरकार सकारात्मक कार्यवाही करे। उपाध्यक्ष जीवण राम गूर्जर ने कहा कि दौसा में इंटक द्वारा मजदूरों महिलाओं असंगठित कामकारों कर्मचारियों अधिकारियों के हितार्थ कार्य रखती है साथ ही तीनौ नवनियुक्त अध्यक्षो द्वारा भी मिटिंग को संबोधित किया।

### ट्रेलर में घुसी पिकअप

**भरतपुर ।** मथुरा गेट थाना क्षेत्र में जाटौली घना गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रेलर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा ट्रेलर में फंस गया, जिसे निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सारस चौकी इंचार्ज राधा किशन ने बताया कि जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर जाटोली घना स्थित एक स्कूल के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का आधा हिस्सा ट्रेलर में घुस गया और उसमें सवार चार लोग बुरी तरह फंस गए।

**सूचना**

मैं कि रूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह जाति जाट निवासी - 2/257, जवाहर नगर, हाउसिंग बोर्ड, भरतपुर, राजस्थान हूँ। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरा नाम पूर्व में मेरे दस्तावेजों में रूपेन्द्र दर्ज था तथा मेरे द्वारा दस्तावेजों में नाम रूपेन्द्र सिंह दर्ज करा दिया गया है तथा भविष्य में मुझे रूपेन्द्र सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नं. जी-224, जेडीए योजना-केदार विहार का मूल अलॉटमेन्ट लैटर कहीं गुम हो गया है। कृप्या मिलने पर सूचित करें, रंगलाल गुर्जर, 9829459208

प्लाट नं. 98-B Nirman Nagar-C Jaipur Ajmer Road JDA Ka Ek Stamp Paper कहीं गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। Pushpa Sharma मो. 9636658493

## संक्षिप्त

### आवेदन आमंत्रित

**कोटपूतली।** कार्मिक (क-2) विभाग के निर्देशों की पालना में जिला कलक्टर कार्यालय द्वारा मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति पश्चात जिला स्तर पर ली जाने वाली कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम (जनवरी, मई एवं सितम्बर) के अनुसार नियमित रूप से किया जा रहा है। अध्यक्ष परीक्षा आयोजन समिति एवं एडीएम ओ.पी. सहारण ने बताया कि कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार 31 दिसम्बर 2022 से पूर्व नियुक्त ऐसे मृतक आश्रित कर्मचारी, जिन्होंने अभी तक टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें दो अतिरिक्त अवसर (उक्त आदेश जारी होने की तिथि से आगामी दो अवसर माह जनवरी एवं मई 2026 प्रदान किये गये हैं। ऐसे पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र जिला कार्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर निर्धारित निर्देशों के अनुसार पूर्ण रूप से भरकर सोमवार 30 मार्च को सायं 05 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें।

### युवाओं को किया जागरूक

**निवाई।** रक्षण परियोजना के अंतर्गत आई पार्टनर इंडिया के तत्वावधान में देव पैलेस में यूथ केरियर काउंसलिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निवाई सहित कोटखावद, सिरस, श्योसिंहपूरा व नाहरवाडी के युवाओं ने भाग लिया। क्लस्टर कोर्डिनिटर हरपाल बैरवा ने बताया कि सत्र का उद्देश्य छात्रों को सही व सार्थक केरियर चुनने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में केरियर कोच पार्थ मेहता ने छात्रों को केरियर चयन की सही प्रक्रिया व सोच के विस्तार पर चर्चा की। पार्थ ने बताया कि केरियर चुनते समय डेटा, तथ्य व भविष्य के अवसरों को ध्यान में रखना चाहिए। इस अवसर पर केशव, मुस्कान, राहुल, सोनू, शितल व विनित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**सिरस।** केशवराय मंदिर में तीन दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर शिवालय से आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा शिवालय से केशवराय मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में गायक अनिल शर्मा ने देख लो मेरे दिल के नगीने में श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिन पर श्रद्धालुओं जमकर नृत्य किया। गायक मीनू डायसवाल, गायक गौतम शर्मा, महेश खांडल व अनूप पारीक ने मीठे रस से भरो री राधा रानी लागे म्हाने जमनाजी को पानी खारों लागे सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। शोभायात्रा में भगवान केशवराय की जगह-जगह लोगों ने आरती की व प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष देवराजसिंह राजावत, महामंत्री रविप्रकाश पारीक, आशीष गुप्ता, रामजीवन जाट, कमल जैन, ब्रह्मप्रकाश जांगिड़, सोनू बना, लक्ष्मण जांगिड़, भेरुलाल गुर्जर, बबलू प्रजापत, हरिराम गुर्जर व राजू जायसवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### बैठक में शिक्षक समस्याओं पर मंथन

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) जिला कोटपूतली-बहरोड़ की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक रविवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बहरोड़ के खेल मैदान में जिलाध्यक्ष जसवंत यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता मंडल उपाध्यक्ष जयराम जाट ने कहा कि आज यह संगठन एक विशाल वटवृक्ष है, जिसे कार्यकर्ताओं ने विषम चुनौतियों के बीच सींचा है। कार्यकर्ताओं की एकता और ऊर्जा ही इसे और सुदृढ़ बनायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

### एसडीएम रामावतार मीणा को एपीओ किया

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली में विगत कुछ माह से कार्यरत एसडीएम रामावतार मीणा को एपीओ कर दिया गया हैं। इस सम्बंध में कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह ने आदेश जारी करते हुये आरएएस रामावतार मीणा तृतीय को उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली के पद से प्रशासनिक कारणों से आगामी आदेशों तक एपीओ कर दिया हैं। मीणा अपनी उपस्थिति कार्मिक विभाग में देगें।

# नेता प्रतिपक्ष जूली ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती का मंत्र दिया

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बहादुरपुर नगर पालिका में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती का जहां मंत्र दिया वहीं बोले जनता के मुद्दों को उठाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

जूली ने कहा कि विपक्ष जयकारों के लिए नहीं बना है बल्कि उनका मकसद आमजन की समस्याओं के समाधान और उनके हक की लड़ाई के लिए आवाज बुलंद करना है।

जूली रविवार को बहादुरपुर कांग्रेस नगर अध्यक्ष धीरज शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित कांग्रेस जन को संबोधित कर रहे थे।

जूली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को जहां मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए प्रेरित किया वहीं भारतीय जनता पार्टी की कूट नीतियों पर जमकर प्रहार किया।



कांग्रेस कमेटी बहादुरपुर के कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का भव्य स्वागत किया।

जूली ने भारतीय जनता पार्टी की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को उजागर करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश सहित पूरे देश में भाजपा की नीतियों से आमजन बेहाल है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश के इससे बुरे दिन कभी नहीं आए, जूली बोले सरकार के मुखिया दिल्ली में हाजिरी लगा रहे हैं और प्रदेश की जनता अपने अधिकारों और हक के लिए संघर्ष कर रही है।

■ जूली रविवार को बहादुरपुर कांग्रेस नगर अध्यक्ष धीरज शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित कांग्रेस जन को संबोधित किया

उन्होंने कहा कि महंगाई ने जहां आम आदमी की कमर तोडक़र रख दी है वहीं गरीब दो वक्त के निवाले के लिए तरस रहा है। यह सरकार नौकरी के नाम पर बेरोजगारों के साथ धोखा कर रही हैं। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली का कांग्रेस कमेटी बहादुरपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

बहादुरपुर के दशहरा मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक का जोरदार स्वागत किया, इससे पूर्व बहादुरपुर में युवाओं द्वारा चिकानी से बहादुरपुर दशहरा मैदान तक विशाल बाइक ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जूली ने बहादुरपुर चिकित्सालय में एक्स-रे मशीन और कन्या महाविद्यालय में 2 लाख रुपए के फर्नीचर की घोषणा भी की।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम में जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे जिनके निस्तारण के लिए जूली ने अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश दिए।

जूली बोले जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है और सरकार सैर करने में व्यस्त है।

## राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक सम्पन्न

**निवाई।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कानूनगो में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की जिला स्तरीय बैठक संगठन के महामन्त्री, जिला प्रभारी टोंक व संगठन के प्रदेश मंत्री के सानिध्य में आयोजित हुई। महामंत्री ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता का सम्मान होगा तथा शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाएगी। प्रदेश मन्त्री हनुमानप्रसाद बैरवा ने बताया कि जिले में 2000 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को जुलाई 2026 तक पूरा करना है। जिलाध्यक्ष धनसिंह ने जिले की सभी शाखाओं के निर्वाचन की विज्ञप्ति जारी की। 30 प्रतिशत से अधिक स्टाफ जनगणना में लगाया है तो उसकी सूचना देवे। बैठक में शंकरसिंह राजावत, रमेशकुमार मीणा, नारायणलाल बैरवा, मोलेशकुमार मीणा, हेमराज मीणा, कजोड मल, रोहिताश मीणा व प्रशांत मीना सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# समाज में महिला उत्थान की जरूरत : रत्ना कुमारी

**पावटा।** आयुवान सिंह स्मृति संस्थान द्वारा बांदीकुई में विजय सिंह नन्देरा स्मृति समारोह का आयोजन भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने विजय सिंह नन्देरा के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए समाज के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की उन्होंने बताया कि विजय सिंह नंदेरा जी का जीवन संघर्ष, सेवा, और समाज के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने न केवल अपने कार्यों से समाज को नई दिशा दी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा के स्त्रोत बने। उनकी ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा और समाज कल्याण के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है महिला उत्थान का मुख्य बिंदु रखते हुए उन्होंने कहा कि राजपूत समाज में महिलाओं की गौरवशाली विरासत रही है राजपूत समाज सदियों से वीरता, स्वाभिमान और त्याग के लिए जाना जाता है। हमारी माताएं और बहनें केवल परिवार की रीढ़ नहीं हैं, बल्कि इतिहास गवाह है कि वे रणभूमि में भी शौर्य का परिचय दे चुकी हैं। रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई और हाड़ी रानी जैसी वीरांगनाओं ने यह साबित किया है कि महिलाओं में भी अद्भुत पराक्रम और नेतृत्व क्षमता होती है। लेकिन बदलते समय के साथ यह आवश्यक हो गया है कि हम अपनी बेटियों को तलवार के साथ-साथ शिक्षा, व्यवसाय, और आधुनिक कौशलों में भी निपुण बनाएं।



बांदीकुई में विजय सिंह नन्देरा स्मृति समारोह का आयोजन भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

## किसान महापंचायत की प्रेस वार्ता आयोजित

**टोंक।** मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट एंव राष्ट्रीय महासचिव अकबर खान द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें टोंक में हुई गत दिनो की घटना एवं स्थिति पर प्रतिक्रिया-शासन प्रशासन की विफलता एवं जनप्रतिनिधियों की चुप्पी लोकतंत्र पर प्रश्नवाचक चिन्ह जैसे मुद्दो पर चर्चा की गई।

इस दौरान किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि शासन को बिना भेदभाव के अपने धर्म कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। आगे बताया कि टोंक में गत दिनों हुई पथराव की घटना और बिजली निगम की रेड को लेकर कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार जाति, संप्रदाय, निवास स्थान, लिंग के आधार पर भेदभाव करना वर्जित है। ऐसे में धर्म कर्तव्य का ही पालन होना चाहिए।

# किशनगढ़ बास की बेटी मैत्रेयी ने दिल्ली में नृत्य घूमर से लोगों का मन मोहा

**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास की बेटी मैत्रेयी पालावत ने दिल्ली में आयोजित "आपणी गणगौर" महोत्सव में राजस्थान की समृद्ध परंपरा और संस्कृति को समर्पित नृत्य घूमर में अपनी शानदार और मनमोहक प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि राजस्थान की लोक कला और संस्कृति के लिए भी गर्व का विषय है।

देश की राजधानी दिल्ली में अपनी शानदार प्रस्तुति की अमिट छाप छोड़कर राजस्थान और अपने जिले व किशनगढ़ बास का नाम रोशन करने वाली बेटी मैत्रेयी पालावत ने जहां देश व राजस्थान में अपनी पहचान स्थापित नहीं की है बल्कि अपने पिता सुधीर पालावत व दादा सूर्य देव सिंह बारेठ के मान सम्मान को आगे बढ़ाते हुए पति, ससुर, सास एवं परिवारजनों का गौरव बढ़ाया है।

मैत्रेयी ने बताया किशनगढ़ बास में रहने वाले साहित्यकार कवि सूर्य देव सिंह बारेठ किसी पहचान के मोहताज नहीं है। बारेठ अपने जीवन के 88 साल के सफर मे विभिन्न संस्थाओं विभिन्न पदों पर रहकर सैकड़ों लेख लिख चुके हैं।





दिल्ली में आयोजित "आपणी गणगौर" महोत्सव में किशनगढ़ बास की मैत्रेयी पालावत को सम्मानित किया।

ढाई सौ से अधिक कवि सम्मेलन में हिस्सा ले चुके हैं और 45 से अधिक बार अलवर गौरव रत्न, प्रांतीय स्तर पर राजस्थानी रत्न एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1971 में राष्ट्रपति के हाथों पद्मसे सम्मानित होने का गौरव हासिल कर विभिन्न देशों के राजनीतिक सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की माटी का गौरव बढ़ा चुके हैं।

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम"आपणी गणगौर" महोत्सव का आयोजन राजस्थानी मित्र मंडल एवं राजस्थान फाऊंडेशन की और से किया गया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि रही। मुख्यमंत्री ने राजस्थान की भाषा पहनावा भोजन संस्कृति के साथ साथ राजस्थान के आदित्य के भाव प्रशंसा की और कहा कि राजस्थान की सुगंध हम सबको को बहुत कुछ सिखाता है। "आपणी गणगौर" कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिसमें मैत्रेयी का घूमर मुख्य आकर्षण बनकर उभरा जो राजस्थान के लिए ही नहीं किशनगढ़ बास के लिए गौरव क्षण रहा।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनाई

**कोटपूतली।** कस्बे के नगरपरिषद पार्क में रविवार को डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति व मेघवाल विकास समिति की संयुक्त बैठक मदनलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती समारोह के आयोजन को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में जयंती समारोह को संपादित करने के लिये जिलाध्यक्ष एड. सुबेसिंह मोरोड़िया को सर्वसम्मति से संयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही चिरंजीलाल आर्य को कार्यक्रम सचिव व गिरिराज आर्य को कार्यक्रम कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में मदनलाल वर्मा, जगदीश मेघवाल, छोटूराम सामरिया, रतिराम जीलोवा, रामौतार मीणा, डॉ. सुगन चंद, दुलीचंद आर्य, हरिपाल वर्मा, उमेश आर्य, मथुरा लाल मीणा, बदलूराम, रामसिंह मैनेजर, कैलाश चंद, शिवा निमोरिया, नेपाल सिंह आर्य, रामेष्वर भगतजी, बंशीधर, ओमप्रकाश, आर.एस. झांझरिया, डॉ. डी. आर. रैवाला, हीरालाल रेंजर, बनवारी लाल, रोशन लाल ठेकेदार, भगवान सहाय आदि को कार्यक्रम संपादक हेतु बनी विभिन्न उप समितियों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम में जिले भर की 85 प्रतिषत व इससे अधिक अंक हांसिल करने वाले छात्र-छात्राओं, विशिष्ठ मैडल व योग्यता हांसिल करने वाले विद्यार्थियों, सरकारी सेवा में चयनित अभ्यर्थियों एवं मेघवाल महिला छात्रावास के निर्माण में कमरे बनवाने वालों व 11 हजार रूपये व इससे अधिक राशि देने वाले भामाशाहों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में निर्णय किया गया कि सम्मान के लिये कोटपूतली के पात्र अभ्यर्थी अपनी अंक तालिकायें एवं प्रमाण पत्र राजपूताना कॉलेज में प्राचार्य डॉ. एच एन धोलीवाल, स्टार सीट मेकर पर डाल चंद आर्य, रविदास मार्केट में दुलीचंद आर्य, मंच अध्यक्ष जगदीश मेघवाल, एमवीएस अध्यक्ष मदनलाल वर्मा के पास तथा बानसूर में कैप्टन अरविंद कुमार, बहरोड़ में विजय सिंह आर्य, नीमराना में एड. अशोक पनवाल, मांढ़ण में मदनलाल नारनौलिया, पावटा में जवाहरलाल वर्मा/किशोर हवलदार, नारायण पुर में राजेन्द्र सोरल/बुधराम मोरोड़िया अध्यापक व विराटनगर में मुन्ना लाल मधुर को अपने प्रमाण पत्र 10 अप्रैल सायं 6:00 बजे तक जमा करवायें। बैठक में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया।

# किशनगढ़ बास में भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ा

**किशनगढ़ बास।** बास कृपाल नगर श्याम मंदिर पर श्याम भक्तो की आस्था का सैलाब उमड़ा हैं। 52 वे वार्षिक मेले पर ओलंकिक श्रृंगार से सजा बाबा श्याम का दरबार और रोशनी व फूलों से जगमगाता मंदिर जहां भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है वहीं हजारों हजारों पहुंचे भक्तों का अदभुत दृश्य ने बास कृपाल नगर को खाटू नगरी बनाकर रखी है।

खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर और किशनगढ़ बास उपखंड मुख्यालय की नगर पालिका क्षेत्र के बास कृपाल नगर में हर वर्ष की भांति श्याम मंदिर पर भरें जाने वाले दो दिवसीय मेले के प्रथम दिन रविवार को देर रात्रि से दर्शनों के लिए श्याम भक्त मंदिर पर पहुंच रहे।

कोई भक्त दंडोति लगाकर मंदिर पहुंच रहा है तो कोई निशान हाथ में लिए आ रहा है तो कोई गांव शहर से समूह बनाकर के डीजे बाजे के साथ नाचते गाते मंदिर पहुंच रहे। किशनगढ़ बास से बास कृपाल नगर मंदिर तक जगह-जगह श्याम भक्तों की ओर से मंदिर जाने वाले यात्रियों के लिए पानी की प्याऊ, भंडारा व हलवा छोले का प्रसाद की व्यवस्था की गई।



श्याम भक्त डीजे की धुन व बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों पर नाचते हुए झांकी निकाली।

मेले में प्रसाद से लेकर, बच्चों के खिलौने, चाट पकौड़ी, जैसे अलग-अलग खाने पीने की दुकान सजी, दुकानों पर महिलाओं व बच्चों की भीड़ उमड़ रही थी। कोई बच्चों के लिए खिलौने खरीद रहा तो कोई चाट पकौड़ी ठेली पर तो कोई आइसक्रीम पार्लर पर खड़ा होकर के कुल्फी का लुफ्त उठा कर मेले का आनंद लें रहा था।

मंदिर समिति व नवयुवक मंडल के 50 से ज्यादा वायलेंटरों ने मंदिर में बाबा के दर्शनार्थ के लिए लगी भक्तों की लंबी कतार को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यवस्था को संभाला। इसी के साथ पुलिस प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर व आस पास सहित जगह जगह पुलिस जवान लगाए गए। जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो इसके लिए वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई और वाहनों के मार्ग को परिवर्तित किया गया।

■ बास कृपाल नगर प्राचीन श्याम बाब मंदिर के 52 वे वार्षिक मेले के प्रथम दिन दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु भक्त

साय मंदिर से बाबा श्याम की सवारी निकाली गई। विधायक दीपचंद खेरिया ने झांकियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक विभिन्न देवी देवताओं की झांकी सजाई गई जो श्रद्धालु भक्तों का आकर्षण केंद्र बनी। डीजे की धुन व बैंड बाजे व ढोल नगाड़ों पर श्याम भक्त नाचते हुए झांकियां के आगे चले।

## प्रशिक्षण महाअभियान ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**लालसोट।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत लालसोट नगर मंडल एवं देहात मंडल की संयुक्त कार्यशाला का भव्य समापन हुआ, जिसने संगठन की ताकत और एकजुटता का जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विधायक रामबिलास डूंगरपुर की उपस्थिति के साथ प्रदेश व जिला पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इसे शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

कार्यशाला में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धित और आगामी रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया गया कि जनसेवा, समर्पण और संगठन विस्तार के दम पर ही आने वाले समय में मजबूती हासिल की जा सकती है।

इस दौरान ब्रजमोहन मीणा, सोनू बिनोरी, अनिल बुर्जा, नगर मंडल अध्यक्ष राम सिंह मीणा जेपी सैनी (पार्षद), नगर महामंत्री विनोद कोर, नगर उपाध्यक्ष दीपक बोहरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा का स्वागत किया





**पावटा।** प्रागपुरा स्थित एसएस प्लाजा के पास भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा का पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल के नेतृत्व में साफा व माला पहना कर स्वागत किया गया इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा का राजनोता से जयपुर जाते समय प्रागपुरा में एसएस प्लाजा के पास कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर साफा बांधकर स्वागत किया गया इस अवसर पर पंकज मीणा ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि आने वाले नगरपालिका व पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार नए-नए आयाम स्थापित कर रही है साथ ही उन्होंने कोटपूतली रेवाड़ी जयपुर रेल लाइन का सपना साकार होने की बात भी कही। इस अवसर पर ललित गोयल, प्रमोद शर्मा, पप्पू स्वामी, कमलेश सेन, शंकर पारीक, सतीश पारीक, मुजीब खान, बंसी मेहरा, किशनलाल जांगिड, ओमप्रकाश कुमावत, राहुल सैनी, योगेश पारीक, मेघराज यादव, शशिकांत शर्मा, दिनेश कुमावत, भवानी सिंह शेखावत, टेक चन्द टेलर, महेंद्र सैनी, राहुल शर्मा, छाजूराम जाट, विजय कुमार, संजय, मोतीराम स्वामी, टेशू गोयल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता

### अग्रवाल समाज समिति में कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव स्थगित

**शाहपुरा ।** अग्रवाल समाज समिति की नई कार्यकारिणी गठन को लेकर 1 अप्रैल को होने जा रहे चुनावों में कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। उक्त फैसला रविवार को अग्रसेन भवन में आयोजित हुई चुनाव समिति की बैठक में सर्वसम्मति समिति से लिया गया। अब सिर्फ अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव व कोषाध्यक्ष के पद पर ही चुनाव होगा। मतदान अग्रसेन भवन में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुनाव के लिए कुल 22 उम्मीदवार में अपना नामांकन दाखिल किया था। जिनमें से एक उम्मीदवार सुनील बिहाजर का फॉर्म आवेदन करने की तिथि के दिन ही अपूर्ण होने के चलते निरस्त कर दिया गया था।वही चार उम्मीदवार राजकुमार अग्रवाल भोजपुर वाले,संतोष अग्रवाल रामपुरा वाले,बजरंग लाल बेगराजका व सुभाष चंद्र अग्रवाल मोरी वाले ने दिन अपना नामांकन वापस ले लिया था। लेकिन रविवार दोपहर बाद करीब 3:00 बजे चुनाव समिति की हुई अहम बैठक में सर्व सम्मति से लिए गए फैसले के अनुसार कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव स्थगित कर दिए गए। जिसके चलते अब महज चारों महत्वपूर्ण पदों पर ही मतदान होगा। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर पवन कुमार भगेरिया व कल्याण चंद्र गुप्ता टटेरा वाले, उपाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार अग्रवाल अजमेरी वाले व मनोज कुमार गुप्ता बीलवाडी वाले, सचिव पद पर आशीष कुमार माऊरामका व विनोद कुमार मित्तल तथा कोषाध्यक्ष पद पर सीए रतन कुमार अग्रवाल व गिरिराज प्रसाद अग्रवाल बिदारा वाले के मध्य मुकाबला होगा।

### पंचमुखी बालाजी मंदिर मंहत के सानिध्य में रक्तदान

